Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांक 19 / 06 / 2022

प्रकाशनार्थ

एक अच्छी किताब एक अच्छा मित्र होती है: प्रो. अजय शुक्ला

नेशनल रीडिंग डे पर अंग्रेजी विभाग में आयोजित हुआ ऑनलाइन संवाद

गोरखपुर। किताबें एक अच्छे दोस्त की तरीके से होती है .वह मनुष्य को मानसिक और भावनात्मक रूप से बढ़ने में मदद करती है और कल्पनाशीलता को बढ़ाती हैं .सुनहरा भविष्य बनाने के लिए किताबों से मित्रता करना अनिवार्य होता है .इस दुनिया में हर कामयाब व्यक्ति पुस्तकों से ज्ञान अर्जित करके ही कामयाब हुआ है .आज के डिजिटल युग में युवा किताबों से दूर हो रहा है ,आप सभी का यह नैतिक कर्तव्य है कि आप अच्छी किताबों को पढ़ें ,पुस्तकों से प्यार करोगे तो जीवन भर सफल रहोगे .उक्त बातें अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष प्रो अजय कुमार शुक्ला ने नेशनल रीडिंग डे के उपलक्ष में अंग्रेजी विभाग के स्नातक एवं परा स्नातक विद्यार्थियों से ऑनलाइन संवाद करते हुए कही .यह बताना उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष 19 जून को नेशनल रीडिंग डे मनाया जाता है. केरल में लाइब्रेरी मूवमेंट के जनक कहे जाने वाले स्वर्गीय पी एन पनिकर के सम्मान में हर साल 19 जून को नेशनल रीडिंग डे मनाया जाता है .माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2017 से इसे नेशनल रीडिंग डे के रूप में घोषित किया और 5 साल में 2022 तक रीड एंड ग्रो का टारगेट देकर किताबों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया . प्रोफेसर अजय शुक्ला ने अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपनी कक्षा में जाने के पहले एवं जाने के बाद एक बार लाइब्रेरी को जरूर विजिट करना चाहिए .किताबों को अपना दोस्त बनाने से ही आप सकारात्मक दृ ष्टिकोण भी अपना सकते हैं और भारत को ज्ञान का केंद्र बनाने में मदद भी कर सकते हैं . इस कार्यक्रम में नितेश सिंह ,सोनल यादव,देवेंद्र यादव ,पीयूष सिंह रिचा पांडे , विनीताकुमारी ,कुलदीप मणि त्रिपाठी, रजनीश दुबे सहित 100 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur